अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा का शुभारंभ विज्ञान को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ किया अवलोकन, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर जोर

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को भोपाल स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र में अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने दीर्घा का अवलोकन किया। दोनों अतिथियों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रदर्शों को देखा और उनकी सराहना की। प्रदेश में अपने प्रकार की इस अनूठी दीर्घा के निर्माण में भोपाल जिला प्रशासन की भी सहभागिता रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विज्ञान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आंचलिक विज्ञान केंद्र में कम व्यय में स्थापित इस दीर्घा में विज्ञान से संबंधित विश्वस्तरीय कृतियों के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करने की व्यवस्था की गई है। यह दीर्घा प्रदेश के गौरव को बढ़ाने के साथ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन, संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि दीर्घा के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के नवीनतम ज्ञान और अनुसंधान से जोड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पहल मध्यप्रदेश की अंतरिक्ष नीति को भी मजबूती प्रदान करेगी।

दीर्घा में ब्रह्मांड की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक अंतरिक्ष अभियानों तक की वैज्ञानिक यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। यहां प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जोड़ा गया है। 30 से अधिक संवादात्मक प्रदर्शों के माध्यम से अंतरिक्ष उड़ान अनुकरण, अंतरिक्ष भ्रमण, त्रि-आयामी खगोलीय पिंडों का अवलोकन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अंतरिक्ष अन्वेषण, अंतरिक्ष पर्यटन, रॉकेट और अंतरिक्ष यान की कार्यप्रणाली तथा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र जैसी अवधारणाओं को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया है। दीर्घा में भारत की अंतरिक्ष यात्रा, आर्यभट्ट, चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1 और आगामी गगनयान अभियान की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया है।

अधिकार और कर्तव्य के संतुलन से सशक्त होता है लोकतंत्रः तोमर

नप्र, भोपाल : विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि अधिकार और कर्तव्य के संतुलित निर्वहन से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने युवाओं से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण रखते हुए जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वे विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित यंग इंडियंस पार्लियामेंट 2026 के समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। लोकतंत्र केवल संविधान, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास का गंभीर अध्ययन करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझकर उनका सही उपयोग करने की अपील की।

विस सचिवालय में एक दशक बाद पदोन्नति विधानसभा अध्यक्ष तोमर का किया सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मप्र विधानसभा सचिवालय में लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद विभिन्न संवर्गों के 182 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला।

पदोन्नति प्राप्त करने वालों में प्रथम श्रेणी के 15, द्वितीय श्रेणी के 40, तृतीय श्रेणी के 93 तथा चतुर्थ श्रेणी के 34 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका पुष्पगुच्छ, शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के अथक प्रयासों, सकारात्मक पहल और मार्गदर्शन से वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी हो सकी है। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सभी पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारियों के साथ उनकी जवाबदेही भी बढ़ गई है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी, दक्षता तथा जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और विधानसभा सचिवालय की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

31 जुलाई तक कराएं खरीफ फसल का बीमा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः किसान कल्याण विभाग ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 की अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि अल-नीनो के संभावित प्रभाव, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को देखते हुए फसल बीमा किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। योजना के तहत सूखा, अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक कारणों से होने वाले नुकसान की भरपाई की सुविधा मिलती है। किसान निकटतम बैंक शाखा, ग्राहक सेवा केंद्र, फसल बीमा पोर्टल, मोबाइल ऐप या अधिकृत बीमा कंपनी के माध्यम से समय रहते बीमा करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री से मिले वरिष्ठ पत्रकार...

वरिष्ठ पत्रकार कल्याण संघ मप्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की और मांगों के सम्बन्ध ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में जनसंपर्क आयुक्त से चर्चा कर सकारात्मक निर्णय लेंगे। डां. यादव को सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि लंबे समय से पत्रकारिता कर रहे साठ वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को अधिमान्यता नहीं होने पर भी श्रद्धानिधि का लाभ प्रदान किया जाए। पत्रकारों को वर्तमान में मिल रही बीस हजार रुपए की श्रद्धानिधि को बढ़ाकर तीस हजार रुपए किये जाने स्वास्थ बीमा राशि को चार लाख से बढ़ाकर दस लाख किये जाने के साथ-साथ अस्पताल में भर्ती हुए बिना होने वाली सभी प्रकार की जांच और दवाओं का पुनर्भरण उसी प्रकार किया जाए, जिस प्रकार सरकारी कर्मचारियों को किया जाता है। प्रतिनिधि मंडल में हरिमोहन मोदी, वीरेन्द्र सिन्हा, पुरुषोत्तम सोढ़ानी, आत्मदीप, प्रेमनारायण प्रेमी तथा संजय शर्मा शामिल रहे ।

'ग्राम उत्कर्ष' से ग्रामीण पर्यटन और स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, द्वारा मध्यप्रदेश के ग्रामीण पर्यटन तथा होमस्टे उद्यमियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'ग्राम उत्कर्ष-द रूरल एक्सीलेंस इनिशिएटिव' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न गांवों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन की होमस्टे पहल ने ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान दी है। अब पर्यटक केवल दर्शनीय स्थलों का भ्रमण ही नहीं, बल्कि स्थानीय परिवारों के साथ रहकर उनकी संस्कृति, परंपराओं, खान-पान और जीवनशैली का अनुभव करने के लिए गांवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित हो रहे हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।

संस्थान के निदेशक डॉ. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि लोग अब शहरों की भागदौड़ छोड़कर गांवों की ओर लौट रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रमुख प्रो. पी.के. पुरोहित ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम विकास, आत्मनिर्भरता, प्रकृति संरक्षण तथा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में प्रो. ए.एस. वालके, डॉ. रामेन्द्र सिंह और डॉ. अमित दुबे ने विशेष व्याख्यान दिए, जबकि संचालन डॉ. सौमी चटर्जी ने किया।

मुख्यमंत्री ने रज्जू भैया को श्रद्धांजलि अर्पित की

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक परम पूज्य प्रो. राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया' की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि रज्जू भैया का संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा। उन्होंने सादगी, आत्मीयता, संगठन कौशल और व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को नई ऊर्जा और व्यापक दिशा प्रदान की।

उच्च शिक्षण संस्थानों को गांवों से जोड़ेगा 'उन्नत भारत अभियान'

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उच्च शिक्षा को समाज और ग्रामीण विकास से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की सहभागिता 'उन्नत भारत अभियान' में सुनिश्चित की जाएगी।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालयों को उन्नत भारत अभियान के पोर्टल पर पंजीयन कर सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के अंतर्गत पंजीकृत उच्च शिक्षण संस्थान अपने आसपास के पांच गांवों का चयन करेंगे। इन गांवों में विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन करेंगे तथा ग्रामीण विकास की गतिविधियों में सहयोग देंगे। इससे विद्यार्थियों को ग्रामीण भारत की पारंपरिक समझ, सामाजिक व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओं को जानने का अवसर मिलेगा। अभियान के अंतर्गत चयनित गांवों के अध्ययन के लिए संस्थानों को आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाता है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन पूर्ण कर अभियान की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बाईस तहसीलदार-नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना

नप्र, भोपाल : कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भोपाल जिले में 22 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार तहसीलदार करुणा दंडोतिया को टीटी नगर तथा आदित्य जाधेला को बैरसिया तहसील की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुल सात तहसीलदार और 15 नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण किया गया है। नायब तहसीलदार अन्य स्थानों से स्थानांतरित होकर भोपाल आए हैं। करुणा दंडोतिया को छोड़कर अन्य तहसीलदारों की हाल ही में नियुक्ति हुई थी और वे नई पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे थे। गोविंदपुरा में नायब तहसीलदार नवीन चंद्र कुंभकार की पदस्थापना की गई है। यहां यह पद लंबे समय से रिक्त होने के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। तहसीलों में पदस्थापना पूरी होने के बाद अब अनुभाग स्तर पर भी उप जिला दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। हाल ही में उप कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टरों की पदस्थापना के बाद कई अधिकारियों के स्थानांतरण हुए हैं।

जनसुनवाई में पहुंचीं 210 शिकायतें मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे रहे हावी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की 210 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान कलेक्टर की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर सुमित कुमार पांडे ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें सबसे अधिक रहीं। सभी विभागों के उप जिला दंडाधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस सुनवाई के दौरान कई नागरिकों ने बताया कि उनकी कॉलोनियों में अब तक सड़क, पेयजल और नियमित बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। कई शिकायतकर्ताओं ने दक्षिण हिल्स क्षेत्र में अवैध उत्खनन का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर अपर कलेक्टर ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया।

राधा कृष्ण कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि उनकी कॉलोनी में बिजली, पानी और पक्की सड़क जैसी सुविधाओं का अभाव है। उनका आरोप है कि निर्माणकर्ता द्वारा कार्य पूरे नहीं कराए जा रहे हैं।

रहवासियों के अनुसार कॉलोनी में नियमित विद्युत संयोजन के स्थान पर अस्थायी व्यवस्था की गई थी। अधिक भार मिलने पर विद्युत विभाग द्वारा जुर्माना लगाए जाने के बाद कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे लगभग 50 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 से वे थाना, उप जिला दंडाधिकारी, भू संपदा विनियामक प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश और अन्य विभागों में शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्ट्रेट में भी ज्ञापन सौंपा।

जनसुनवाई में वार्ड-35 की 80 वर्षीय दिव्यांग महिला भी पहुंचीं। उन्होंने शिकायत की कि पिछले छह माह से उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन और खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत मिलने वाला राशन नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि आधार संयोजन होने के बावजूद उनका नाम राशन सूची से हटा दिया गया है और पेंशन भी बंद कर दी गई है।

शुभारंभ *वित्तीय ऑडिट होगा पूरी तरह डिजिटल*

पंचायतों के लिए 'दृष्टि' ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर वित्तीय ऑडिट प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 'दृष्टि' ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया।

इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे सुविधा भी शुरू की गई। सरकार का दावा है कि यह पहल पंचायतों के पूर्णतः डिजिटल रिमोट वित्तीय ऑडिट की दिशा में देश की अभिनव व्यवस्था है। केंद्रीय वित्त आयोग से मिलने वाले अनुदान के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों का समयबद्ध ऑडिट अनिवार्य है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पंचायती राज संचालनालय ने भारत के महालेखाकार के निर्देशन और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के तकनीकी सहयोग से यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया है। इसके माध्यम से ऑडिटर अपने कार्यालय या घर से ही किसी भी पंचायत के आय-व्यय संबंधी अभिलेखों की ऑनलाइन जांच कर सकेंगे।

प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में इस प्रणाली के लागू होने से ऑडिट प्रक्रिया तेज, सरल और अधिक पारदर्शी होगी।

मुख्यमंत्री ने पंचायत दर्पण पोर्टल पर शुरू किए गए पेमेंट गेटवे का भी शुभारंभ किया। एनआईसी, जल निगम और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से विकसित इस सुविधा के माध्यम से पंचायतें नागरिकों के बिल ऑनलाइन जारी कर सकेंगी। नागरिक घर बैठे भुगतान कर सकेंगे और तुरंत डिजिटल रसीद प्राप्त होगी। इससे समय और श्रम की बचत के साथ पंचायतों का लेखा-जोखा स्वतः डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा तथा सेवाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता बढ़ेगी।

• पद से नहीं, कक्ष से परहेज...

पिछले कई दिनों से सरकार की सबसे पावरफुल मानी जाने वाली मंजिल के एक कक्ष में कोई भी साहब बैठना नहीं चाहते। विभाग और पद तो चाहते हैं, परंतु कक्ष उन्हें दूसरा चाहिए। अब लोग इसके मायने तलाशने में जुटे हैं।

• साहब की संवेदनशीलता और सबका भला...

विंध्य क्षेत्र के एक बड़े साहब ने मीटिंग के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाकर छोटे-बड़े सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का टेस्ट कराया तथा सभी को मौके पर ही सुझाव भी दिए कि सावधानी बरतें, क्योंकि कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की रिपोर्ट ठीक नहीं है।



मंत्रालय की गुफ्तगु...

• डॉ. शिशिर उपाध्याय

• साहब से पंगा भारी पड़ गया...

पिछले दिनों अपने जिले के सबसे बड़े साहब पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए सत्ताधारी दल के एक पूर्व माननीय ने खूब हंगामा किया था। अब बारी साहब की थी। उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों से एक आदेश जारी करवाया कि शहर में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए किसी भी प्रकार के पोस्टर-बैनर बिना अनुमति के नहीं लगाए जाएं। अब सवाल यह है कि अनुमति पहले तो कभी ली नहीं, अब कैसे लें?

• सारे घर के बदल डालूंगा...

कुछ दिन पहले जनता से जुड़े एक महत्वपूर्ण विभाग में आमद दर्ज कराते ही साहब ने तबादलों की ऐसी तलवार चलाई कि 'सारे घर के बदल डालूंगा' की तर्ज पर विभाग में 100 से ज्यादा तबादले कर दिए। विभाग के माननीय मंत्री जी भी साहब की इस सख्त सियासत से भौंचक्के नजर आ रहे हैं।

• साहब की मनमर्जी यहां नहीं चलेगी....

नौकरशाह जहां रहते हैं, वहां का माहौल अपने आप गंभीर हो जाता है। जिले में डीएम रहते बड़े बंगले में रहने की आदत के कारण साहब को अभी-अभी आवंटित बंगले में मजा नहीं आ रहा। लेकिन करें तो क्या करें? अगल-बगल में रहने वाले बड़े साहब लोगों ने अपने बंगलों में इतना काम और क्षेत्र विस्तार कर लिया है कि साहब अपनी मनमर्जी से कुछ भी कर नहीं पा रहे हैं।

• जन्मदिन किसी का, खर्चा किसी का...

पिछले दिनों एक बड़े ताकतवर साहब के जन्मदिन की पार्टी का खर्चा किसी और के माथे पड़ गया। उत्साह में साहब से यह कहना कि 'हम सब देख लेंगे', छोटे साहब को भारी पड़ गया। इशारों-इशारों में दो-तीन बार साहब को बता चुके हैं कि पार्टी के भुगतान का क्या करना है, लेकिन अब बड़े साहब भी इशारों-इशारों में कह रहे हैं कि भुगतान तो भुगतना ही पड़ेगा।